प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 27 मार्च, 2025 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज भारतीय संविधान के अनुच्छेद 200 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड राज्य के आगामी वित्त वर्ष 2025-26 के बजट से संबंधित विनियोग विधेयक पर अपनी स्वीकृति प्रदान की।

विदित हो कि दिनांक 3 मार्च, 2025 को झारखण्ड विधानसभा में 2025-26 के लिए वार्षिक बजट प्रस्तुत किया गया था तथा दिनांक 24 मार्च, 2025 को झारखण्ड विधानसभा में पारित हुआ।

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज कॉम्पट मुंडा बाइस पड़हा का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने वार्ता के क्रम में राज्यपाल महोदय से राज्य के पांचवी अनुसूचित क्षेत्रों में पारंपरिक स्वशाशन व्यवस्था के प्रावधान संबंधी विषयों की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए राज्य में इसे प्रभावी रूप से लागू करने हेतु पहल करने का आग्रह किया।